कार्यालय
पुलिसउपायुक्त, मुख्यालय, आयुक्तालय, जयपुर

सीमित निविदा

घुडसवार शाखा, पुलिस लाईन, आयुक्तालय जयपुर घोड़ो/घोडियों की वर्ष 2023-24 के लिये नाल बन्धाई का कार्य मय नाल एवं प्रेक सहित (विभागीय नमूनानुसार) कराये जाने हेतु दर एक वर्ष तक के लिये अनुमोदित किये जाने हेतु मोहर बन्द सीमित निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। जो दिनांक 13.12.2023 से 26.12.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त की जाकर इसी दिनांक को दोपहर 02.00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 26.12.2023 को ही सांय 04.00 बजे विभागीय क्रय समिति द्वारा खोली जावेगी।

क्र.सं.	विवरण	अनुमानित लागत	दर प्रति घोड़ा प्रति जोड़ा समस्त करों सहित
1	घोड़ों हेतु नाल बन्धाई मय नाल प्रेक	1,80,000/-रू	

निविदा शर्ते:-

1. नाल बन्धाई की दर(प्रति जोडा) मय नाल एवं प्रेक सहित अंकित की जावें तथा प्रस्तुत दरों में कांट-छांट ओवर राईटिंग मान्य नहीं होगी। दरों में सभी प्रकार के कर सम्मिलित कर प्रेषित करें।
2. दर अनुमोदित फर्म को स्वयं के खर्चे पर घुड़सवार शाखा पुलिस लाईन जयपुर में नाल बन्धाई का कार्य करना होगा।
3. निविदादाता फर्म का कोई आपराधिक रिकार्ड व ब्लैक लिस्टेड नहीं होनी चाहिये।
4. फर्म द्वारा जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. फर्म द्वारा पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार इस कार्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।
7. आदेश प्राप्त होने के बाद प्रभारी घुडसवार शाखा पुलिस लाईन जयपुर के निर्देशानुसार नाल बन्धाई का कार्य (विभागीय नमूनानुसार) करना होगा।
8. लिफाफे पर "पुलिस लाईन के घोडो/घोडियों की नाल बन्धाई " हेतु निविदा आवश्यक रूप से अंकित करें।
9. निविदादाता फर्म शीलबन्द निविदाएं कमरा नम्बर 1 में रखें निविदा बॉक्स में डालें।

13/12/23

(राजेन्द्र कुमार मीणा IPS)
पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय
पुलिस आयुक्तालय,
जयपुर

क्रमांक- 390 दिनांक- 13/12/2023

यूबीएन नं.- दिनांक:-

प्रतिलिपि:- निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. वरिष्ठ लेखाधिकारी, पुलिस आयुक्तालय, जयपुर।
2. सहायक प्रोग्रामर, पुलिस आयुक्तालय, जयपुर को एस.पी.पी.पी. व राजस्थान पुलिस पोर्टल पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित है।
3. नोटिस बोर्ड कार्यालय हाजा।

13/12/23

पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय
पुलिस आयुक्तालय,
जयपुर

Tel.: +91-141-2362081 Fax: +91-141-2362080 E-Mail: dcp.hq.jaipur@rajpolice.gov.in